Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 03-07-2022 | अंक 273

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# बी.सी.एम. डिग्री महाविद्यालय का विधायक ने किया उदघाटन

## जेपीएससी में सफल अभ्यर्थी व अभिभावकों को किया गया सम्मानित

## आई.पी.भारती ने बी.सी.एम. महाविद्यालय का मान्यता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम की रौशन किया विधायक : अमित यादव

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक वा अन्य


सम्मानित करते हुए



छात्रों को डायरी देकर सम्मानित करते हुए

बरकट्ठा :–गंगपाचो स्थित बी.सी.एम. डिग्री महाविद्यालय का शुभारंभ विधायक अमित कुमार यादव ने किया मौके पर प्रमुख रेणु देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी, कोंग्रेस नेता ड़ॉ प्रकाश कुमार, कोंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता, सांसद प्रति. निधि रघुवीर महतों, भाजपा नेता केदार साव ने भी संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया। अपने सम्बोधन में विधायक अमित कुमार यादव ने कहा बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के निर्देशक आई.पी.भारती. ने बी.सी.एम. डिग्री महाविद्यालय का मान्यता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अब इस क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर पढ़ने नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही अतिथियों के द्वारा जेपीएससी में सफल अभ्यर्थी अजय आर्यन, श्रीकांत कुमार, रामजी कुमार व अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान जेपीएससी के सफल अभ्यर्थी ने छात्रों से कहा आपकी मेहनत लगन कभी बेकार नहीं जाएगी, जिस तरह से क्षेत्र में हमलोगों ने अपना बरकट्ठा का नाम रोशन किया, उसी प्रकार आपलोग भी मन लगाकर पढ़ कर बरकट्ठा का नाम रोशन करें। आ.पी.भारती ने शुभारंभ के दिन 11 बच्चों का नामाकंन ली, साथ ही छात्रों को पुस्तक भेंट किया । उन्होंने प्रखंड अंतर्गत विभिन्न कोचिंग के अध्ययनरत वैसे छात्र छात्राओं को डायरी देकर सम्मा. नित किया जिन्होंने मैट्रिक में अच्छे अंक प्राप्त किए। मौके पर शिलाडीह मुखिया निजाम अंसारी, कपका मुखिया कमलेश कुमार, गैड़ा मुखिया प्रतिनिधि श्यामा प्रसाद साव, पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी, पंसस अध्यक्ष सूर्यदेव मंडल, सीताराम प्रसाद, युगल कुमार समेत छात्र छात्रों व अभिभावक उपस्थित थे।

## अवैध रूप से संचालित अस्पताल में ऑपेरशन के बाद महिला की मौत, अस्पताल छोड़ भागे डॉक्टर और कर्मी

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**




गावां प्रखंड के पिहरा पूर्वी पंचायत अंतर्गत मानपुर हनुमान मंदिर के आगे अवैध रूप से संचालित राजीव हॉस्पिटल में अ०परेशन के एक घंटे बाद एक महिला की मौत हो गई है। बताया जाता है कि खरसान पंचायत के ललकीमाटी गांव निवासी मो0निजाम ने अपनी पत्नी को इलाज के लिए उक्त अस्पताल में ले गया था जहां डॉक्टर ने उसकी आपरेशन करने की बात कही। उसके बाद सुबह साढ़े नौ बजे राजीव हॉस्पिटल में महिला का ऑपरेशन किया गया लेकिन ऑपरेशन के एक घंटे बाद ही महिला की मौत हो गयी। महिला के पति के अनुसार मौत होने के बाद भी अस्पताल के कर्मी दिलाशा देते रहें कि मौत नहीं हुई है, इसे रांची लेकर जाना पड़ेगा लेकिन कुछ ही देर बाद में बताया गया कि हार्ड अटैक से उसकी मौत हो गयी है। महिला की मौत के बाद चिकित्सक समेत सभी कर्मी अस्पताल से फरार हो गए। इधर, गावां के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चन्द्रमोहन कुमार ने बताया की मैं अभी छुट्टी पर हूं, मुझे इस सम्बंध में कोई जानकारी नही है, लौटने के बाद जांच करेंगे।

## हाई स्कूल बरियठा के शिक्षक और छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत हाई स्कूल बरियट्ठा के दसवीं जैक बोर्ड के टॉपर छात्र – छात्राओं में सुमन कुमारी, सुलेखा कुमारी, संदीप कुमार, दयानंद कुमार और अमरजीत कुमार तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार भारती उपप्रधानाध्यापक श्याम लाल यादव, सहायक शिक्षक विजय कुमार और राजू कुमार को डिवाइन इंटर महाविद्यालय के निदेशक आईपी भारती, जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी और पाणिनी आई ए एस अकादमी के निदेशक प्रकाश चौधरी द्वारा सामूहिक रूप से डायरी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार भारती ने कहा की यह सम्मान निश्चित रूप से हमारे विद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने अपने विद्यालय के उन सभी शिक्षक शिक्षिकाओ के प्रति आभार प्रकट किया जिन्होंने अपने अथक प्रयास से विद्यालय के अपने बच्चों को इस तरह के सम्मान पाने के योग्य बनाया।

## तिलेश्वर साहू सेना का हुआ विस्तार, बरही प्रखंड के अध्यक्ष बने संतोष रजवार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




तिलेश्वर साहू सेना की बैठक रविवार को स्व तिलेश्वर साहू के बरही हाउस, उज्जैना में अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं बरही विधानसभा के युवा नेता अरुण साहू के अध्यक्षता में हुई। बैठक में बरही प्रखंड के 20 पंचायत से आये लोगों के सर्वसहमति से तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड का अध्यक्ष संतोष रजवार, उपाध्यक्ष– छोटन ठाकुर, प्रकाश विश्वकर्मा, मोहम्मद जमीरउद्दीन, प्रकाश दास, भोली पासवान, प्रधानसचिव– विष्णुधारी महतो, सचिव– कृष्णा कुमार महतो, चमारी ठाकुर, मनोज पासवान, प्रवक्ता मो यूसुफ़ एवं कार्यालय प्रभारी सह मिडिया प्रभारी– बब्लू साहू को बनाया गया। श्री रजवार ने कहा की जिस विश्वास के साथ संगठन ने ये जिम्मेवारी सौंपी है, उस पर शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे। वही संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने का कार्य करूंगा। श्री साहू ने कहा कि सभी सदस्य बेहद जुझारू, संघर्षशील और कर्मठ व्यक्ति है। बरही प्रखंड में संगठन को बेहद मजबूत करने का काम करेंगे यह विश्वास है। मौके पर मौजूद लोग गौतम कुमार सिंह, करन ओझा ( कारू ), गोविंद मेहता, सन्नी गुप्ता, विक्की सिंह, कुलदीप स्वर्णकार, बाबू लाल पासवान, मनोज पा. सवान, आनंद पांडे, विष्णु साव, मुकुंद साव, पंकज पासवान, रामधनी राणा, कृ ष्ण कुमार, पंकज चंद्रवंशी, प्रदीप राम, सोहन किस्कु, पप्पू रविदास आदि उपस्थित रहें।

## बरही में ट्रैफिक व्यवस्था नहीं होने से गड़बड़ाई यातायात की व्यवस्था : पूनम यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


पूनम यादव

आरजेडी के युवा प्रदेश महासचिव पूनम यादव ने कहा की बरही की ट्रैफिक लाइटें शोपीस बनकर रह गई है। ट्रैफिक लाइटें लगभग एक साल से खराब पड़ा हुआ है। मगर विडंबना है की बरही जैसा शहर सही ढंग से ट्रैफिक व्यवस्था बहाल नहीं गया है। जिसके कारण बरही चौक पर दिन भर ट्रैफिक व्यवस्था लड़खड़ाई रहती है। ट्रैफिक लाईटों को खराब होने से आए दिन कोई न कोई हादसा होता रहता है। लेकिन अब तक यह लाइटें ठीक नहीं कराई गई है। ट्रैफिक व्यवस्था चौपट होने के कारण हर रोज बरही चौक में प्रत्येक दिन घंटो तक जाम की स्थिति बना रहता है। कई बार तो ऐसा होता है की जाम होने के कारण एंबुलेंस को भी जाम का सामना करना पड़ता है। इस बात की जानकारी बरही के सभी अधिकारियों को है लेकिन अभी तक इस गंभीर विषय पर किसी अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सिविल सेवा व विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा सेमिनार : विनय मिश्रा

### चाणक्य आइएएस एकेडमी की ओर से नि: शुल्क कैरियर सेमीनार 6 जुलाई को

### संस्थान के संस्थापक व सक्सेस गुरू एके मिश्रा अभ्यर्थियों को सिखाएंगे सफलता के गुर





प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

हजारीबाग। स्थानीय नगर भवन में आगामी 6 जुलाई को सुबह 10 बजे से चाणक्य आइएएस एकेडमी के संस्थापक व सक्सेस गुरू एके मिश्रा सिविल सेवा व विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे अभ्यर्थियों को सफलता का गुर सिखाएंगे, जिसमें हजारीबाग के साथ साथ राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। उक्त बातें चाणक्य आइएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने स्थानीय कौशल्या प्लाजा स्थित संस्थान के सभागार में प्रेस-वार्ता के दौरान मीडियाकर्मियों से कही। उन्होंने कहा कि यह से. मिनार मैट्रिक, इंटर, स्नातक, इंजिनियरिंग, मेडिकल, यूपीएससी, जेपीएससी, बैंकिंग, रेलवे, एसएससी सहित विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने बताया कि सेमिनार के माध्यम से अभ्यर्थियों को अपने लक्ष्य चुनने में आसानी होगी। भविष्य की चिंताओं से तनावमुक्त होकर अपनी वास्तविक क्षमता पहचान पाएंगे। साथ ही अभ्यर्थियों को अपने सपनों को साकार करने में भी सेमिनार मददगार साबित होगा। उन्होंने बताया कि सेमिनार में विद्यार्थियों व अभिभावकों का प्रवेश निरू शुल्क होगा। श्री मिश्रा ने कहा कि संस्थान हमेशा अभ्यर्थियों के हितों के मद्देनजर फैसले लेते रहा है। इस बार भी सेमिनार वाले दिन खुद सक्सेस गुरू एके मिश्रा इसकी घोषणा मंच से करेंगे। वहीं संस्थान की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने बताया कि चाणक्य आइएएस एकेडमी अपने शुरुआती दिनों से ही हजारीबाग के विद्यार्थियों को सफल बनाने का कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। यही वजह है कि आधुनिक तकनीकों, स्मार्ट क्लासरूम की कक्षाएं और समय समय पर अभ्यर्थियों के उचित मार्गदर्शन के लिए सेमिनार आयोजित कर सफलता की बुलंदियों को छूने में अभ्यर्थियों का भरपूर सहयोग करती है। इसी के मद्देनजर आगामी 6 जुलाई को भी सेमिनार का आयोजन किया गया है, जिसमें खुद सक्सेस गुरु एके मिश्रा अभ्यर्थियों से मुखातिब होंगे। इस प्रेस-वार्ता में सेवानिवृत्त एडीएम व चाणक्य आइएएस एकेडमी के एकेडमिक हेड तथा सेंटर हेड मोहन कुमार ने भी यूपीएससी की तैयारी से जुड़ी कई अहम बातें मीडियाकर्मियों के समक्ष रखी। कौन हैं सक्सेस गुरू एके मिश्रा सक्सेस गुरु एके मिश्रा चाणक्य आइएएस एकेडमी के फाउंडर चेयरमैन हैं और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मोटीवेशनल स्पीकर हैं, जिसके करोड़ों फोलोअर्स हैं। 1993 ई. में दिल्ली में शुरू हुए चाणक्य आइएएस एकेडमी का वर्तमान समय में देश भर में 22 शाखाएं संचालित हैं, जहां से बीते 30 वर्षों में 5 हजार से भी अधिक यूपीएससी सिविल सर्विसेज (आइएएस, आईपीएस, आईएफएस व अन्य) देश सेवा में अपना अहम योगदान निभा रहें हैं। सिर्फ झारखंड में ही चाणक्य आइएएस एकेडमी की तीन शाखाएं हजारीबाग, रांची व धनबाद में संचालित है।

## चलकुशा में नए थाना प्रभारी ने दी योगदान, पत्रकारों ने बुके देकर की मुलाकात

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : थाना के नए थाना प्रभारी ओम प्रकाश पांडेय ने योगदान दी। इसके पूर्व चलकुशा थाना में धनन्जय सिंह थे। इस दौरान चलकुशा के पत्रकारों ने बुके देकर मुलाकात की। वही पत्रकारों ने थाना प्रभारी से उम्मीद जताते हुए कहा कि आपके आने से लोगों को मान सम्मान मिलेगा और क्षेत्र में अमन एवं शांति कायम रहेगा। इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहां की इस क्षेत्र में गलत कार्य करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। चाहे वह कोई भी क्यों ना हो और हम क्षेत्र के लोगों से उम्मीद भी करते हैं कि शांति कायम करने में लोग भी हमारी मदद करेंगे। मौके पर विक्रम सिंह, धीरेंद्र कुमार शर्मा, इजहार हुसैन, मुन्ना यादव शामिल थे।

## रानीचुवा पंचायत में पेंशन शिविर का आयोजन कर लिए गए आवेदन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



प्रखंड कार्यालय बरही के निर्देशानुसार रानीचुवा पंचायत में पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया मूर्ति देवी ने किया। इस शिविर में वृद्धा वस्था , सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांग पेंशन लाभुकों का आवेदन लिए गए। शिविर में धोबघट, जीतपुर ,कुटमा, पिपराटांड , रानी. चुआं , चलंगा, महुगढा गांव के सैकड़ो लाभुक शामिल होकर अपना आवेदन सौपा। शिविर को सफल बनाने में मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुडू , वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सदीक अंसारी, वार्ड सदस्य पिंकी देवी, वार्ड सदस्य संगीता देवी ने सराहनीय योगदान रहा।

## स्वास्थ्य उप केंद्र करियातपुर की नव निर्मित भवन की अनियमितता देख भड़के विधायक, उद्घाटन किए बिना लौटे

### शिलापट में प्रमुख, मुखिया एव पंचायत समिति सदस्य का नाम अंकित नही कर भेदभाव की है अस्पताल प्रशासन : मनोज

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




नव निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र करियातपुर

स्वास्थ्य उप केंद्र करियातपुर का नव निर्मित भवन का उद्घाटन के लिए पहुंचे विधायक उमाशंकर अकेला निर्माण कार्य मे बरती गई घोर अनियमितता देख उद्घाटन किए बिना लौट गए। मौके पर उद्घाटन के लिए लगाए गए शिलापट में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों का नाम नही रहने से भी स्थानीय पंचायत प्रति. निधियों में गहरा आक्रोश देखा गया। उद्घाटन के समय संवेदक मौजूद नही था। जबकि निर्माण कार्य मे बरती गई अनियमितता से संबंधित जानकारी विधायक लेने चाह रहे थे। लेकिन मौके पर संवेदक के मौजूद नही रहने के कारण मौके पर मौजूद डीएस प्रकाश ज्ञानी से नाराजगी व्यक्त की। उद्घाटन कार्यक्रम में भेदभाव का आरोप लगाते हुए प्रमुख मनोज रजक ने कहा कि शिलापट में प्रमुख, मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य का नाम नही अंकित किया गया था। इससे साफ पता चलता है कि हॉस्पिटल प्रशासन भेदभाव कर रहा है। उन्होंने यह आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन उद्घाटन की भी सूचना उद्घाटन से ठीक 2 घंटे पहले दिया। जबकि उन्हें एक दिन पहले देना चाहिए था। निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितता की जांच एवं हॉस्पिटल प्रशासन द्वारा बिना जांच किए गए भवन का हैंडओवर लेने की भी जांच की जाएगी। इसकी शिकायत वरीय अधिकारियों से की जाएगी




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कन्हैया लाल की निर्मम हत्या के विरोध में हिन्दू जागरण मंच ने निकाला मशाल जुलूस

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




शनिवार 2जुलाई को देर शाम गिरिडीह में राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया लाल की निर्मम हत्या को विरोध में हिन्दू जागरण मंच ने सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता झंडा मैदान से आक्रोश प्रदर्शन करते हुए अपने हाथों में मशाल जुलूस लेकर पद यात्रा करते हुए टावर चौक पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने एक सुर में कहा कि जिहादी हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फ़ासी की सजा दी जाए। साथ ही हिंदू जागरण मंच ने रा. जस्थान सरकार से कन्हैया लाल के परिवार वालों को उचित मुआवजे ओर एक परिवार को सरकारी नौकरी देने की मांग की। इस बाबत मंच के सदस्यों ने बताया कि जिस प्रकार इस्लामिक कट्टरता द्वारा हिंदुओं को टारगेट करके पूरे देश में हत्या की जा रही है इसको लेकर हिंदू समाज में काफी आक्रोश है। हत्यारों को सरकार जल्द से जल्द से गिरफ्तार कर फांसी के तख्ते पर चढ़ाने का काम करें। मौके पर जिलाध्यक्ष शिव शक्ति शाहा, सुरेश साहू रितेश कुमार मुकेश पांडे योगेश मिश्र मुन्ना रजवार रितिक चंद्रवंशी उज्जैन गोस्वामी सोनू गुप्ता चंदन पांडे सागर पांडे समेत सैकड़ों की संख्या में मंच के लोग शामिल थे।

## बिरनी के बरमसिया पंचायत भवन में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर की गई बैठक

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के अंतर्गत बरमसिया पंचायत भवन में बरमसिया पंचायत के मुखिया विष्णुदेव प्रसाद वर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें जल नल योजना और आज़ादी 75 साल अमृत महत्सव आईक०न विक मनाने को लेकर चर्चा हुई जिसमें रोजगार सेवक पंचायत सचिव जल सहिया, महिला समूह के सदस्य पंचायत के सभी वार्ड सदस्य वा पंचायत के सभी सरकारी विद्यालय के शिक्षक उपस्तिथि रहे ।जिसमें सर्व जन पेंशन योजना के तहत सभी योग लाभुकों का पेंशन फ०र्म पंचायत सचिव के पास जमा किया गया वही पूरे पंचायत को आगे की प्रगति को आगे कैसे लाया जा सके पंचायत की जनता ने अपना विषय रखा एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। वहीं सभी वार्ड सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र में आम सभा करने की तिथि एवं समय तय किया। बता दें कि आज के इस बैठक में कुछ लोगों ने दबे स्वर में ही कहा कि पहली बार पंचायत भवन में आम लोगों को बोलने का अवसर मिला।

## लंबे समय से बीमार चल रहे बुजुर्ग की मौत खबर पाकर पहुचे जीप सदस्य, मुखिया प्रितिनिधि और उपमुखिया प्रतिनिधि

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत बलगो पंचायत के खुरजिओ गांव के सिरुटाण्ड के निवासी जगदीश सिंह के सुबह तीन बजे मौत हो गया। जानकारी के मुताबिक बता दे कि मृतक जगदीश सिंह लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। वही उनका मौत रविवार सुबह हो गया। जिसमें घटना की खबर सुनकर बिरनी भाग संख्या 22 के जिला परिषद रामधनी वर्मा,बलगो मुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार दास,उपमुखिया प्रतिनिधि मुस्तकीम अंसारी पहुचकर परिवार वालो को ढांढस बंधाया और हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

## चार जुलाई को विरोध प्रदर्शन को लेकर किया भाकपा माले ने बैठक

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



चार जुलाई को नया उपायुक्त कार्यालय के समक्ष गोलबंद होकर विरोध प्रदर्शन को लेकर गिरिडीह विधान सभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने सदर प्रखंड स्थित पचम्बा थाना क्षेत्र स्थित सिकदारडीह गांव में माले कार्यकर्ताओं के साथ एक अहम बैठक किया और स्थानीय लोगों को चार जुलाई को ससमय पहुंचने का आवाहन किया। विरोध प्रदर्शन के उपरांत गिरिडीह उपायुक्त को ज्ञापन सौपा जाएगा। उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम में बगोदर विधायक क०मरेड विनोद सिंह,राजधनवार के पूर्व विधायक क०मरेड राजकुमार यादव , जिला सचिव पुरण महतो के अलावे सैकड़ो नेता और हजारों समर्थक होंगे। इस कार्यक्रम के लिए पूरे जिले से माले कार्यकर्ता आ रहे है,पपरवाटांड़ में गोलबंद होगा। सभी समर्थक और कार्यकर्ता झंडा बैनर के साथ उपायुक्त कार्यालय के तरफ कुच करेंगे। जमुआ,गांडे,गिरिडीह, डुमरी विधानसभा के अलावे बगोदर और राजधनवार के नेता अपने समर्थकों के साथ सामील होंगे। गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने कहा कि पूरे जिले में बालू,गिट्टी,ढिबरा और कोयला का काम करने वाले परेशान है, बेरोजगार हो चुके हैं। उन्होंने जिला प्रशासन पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा की पुलिस प्रशासन खनन विभाग के कहने पर आम जनो को परेशान कर रही है,जबकि खनन विभाग का कार्य हमेशा संदेह में रहता है, ।राज्य सरकार टेंडर नहीं करती और सरकार का खनन विभाग सबको परेशान कर रहा है ।इन चार चीजो से जिले में लाखो परिवार का घर चल रहा है, लाखों परिवार परेशान है। भाकपा माले ऐसी ही जवलंत मुद्दों को लेकर अपनी गोलबंदी तेज कर रहा है । जिला सचिव पूरण महतो ने कहा कि पूरे जिले में जो भी इस कारोबार से जुड़े है 4 जुलाई के विरोध प्रदर्शन में सभी साथी आगे बढ़के साथ दे,। दिन के 11 बजे तक सब नया समाहरणालय परिसर पपरवाटांड़ पहुंचे और अपनी मांगों को मजबूती से रखें।




## जीप सदस्य ने जनता दरबार लगायाबड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा सूर्यकुण्ड धाम परिसर में नव निर्वाचित जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया । जीप सदस्य ने कहा यह एक नई परम्परा का शुरुआत की गई है प्रत्येक रविवार को सूर्यकुंड परिसर में ही जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जाएगा साथ ही प्राप्त आवेदन को सम्बंधित विभाग तक पहुचाया जाएगा जिससे समस्याओं का समाधान किया जा सके । मौके पर बंडासिंगा(बेलकप्पी) निवासी शिला देवी पति प्रमोद मोदी ने जमीन संबंधित समस्याओ को रखीं समाजसेवी सुरेश कुमार पाण्डेय के द्वारा समूचे पंचायत बेलकप्पी क्षेत्र में अवस्थित बिजली के जर्जर तारों एवं खभें को व्यवस्थित एवं सुदृढ़ करने से सबंधित समस्या को रखा,बरकट्ठा निवासी विजय गुप्ता ने छठा वेतनमान बकाया राशि भुगतान संबंधित मांग को रखा,पंचायत बेलकप्पी के पूर्व उपमुखिया जागेश्वर नायक नें समूचे बेलकप्पी पंचायत क्षेत्र के खतियानधारियों के खतियान को अ०नलाइन में दर्ज संबंधित समस्याओ को रखा डोंडहारा(शिलाडीह) निवासी सावित्री देवी पति पियारी साव नें प्रधानमंत्री आवास योजना से सबंधित समस्या को रखीं इसके अलावे वृद्धावस्था पेंशन योजना,विकलांग पेंशन विधवा पेंशन समेत सभी कल्याणकारी पेंशन योजनाओं समेत बिजली बिल सबंधित समस्या को रखा गया उपस्थित ग्रामीणो ने आमजनों के जनसु. विधाओं के अनुरूप जनसमस्याओं से अवगत करवाया जनता दरबार कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय,पंचायत बेल. कप्पी उपमुखिया छत्रु ठाकुर, मिथलेश पाण्डेय, समाजसेवी सुरेश कुमार पाण्डेय, शिलाडीह पंचायत समिति प्रतिनिधि राजकुमार गिरि, जागेश्वर नायक, अजीत पाण्डेय, पंकज पाण्डेय, वैजनाथ गोस्वामी, आशीष पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, चंकी पाण्डेय, कौशल पाण्डेय, मनोज राणा,श्याम वर्णवाल,रिंकू माली,टिंकू पाण्डेय,नरेश ठाकुर,रोहित ठाकुर, मुकेश मंडल, नारायण साव,पिंटू नायक,सुरेश यादव समेत बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल थें!

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## माईका कारोबारी अर्जुन साव के हत्या के आरोपियों पर अब तक कार्रवाई नहीं

### इंसाफ की गुहार लगा रहे परिजन

**अपेम लाइव : डोमचांच**
**सुनिल रजक**



डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत सपही निवासी मृतक अर्जुन साव की पत्नी कांति देवी ने रविवार को बोली की मेरे पति के हत्यारे पुलिसकर्मियों पर क्यों नही हो रही करवाई। आखिर मेरे पति के मौत के मामले में ढाई महीने बीतने के पश्चात भी अब तक हम पीड़ित परिवार को कोई सरकारी सहायता नही मिलना, आरोपी का खुले आम घूमना कई सवाल खड़ा करता है। प्रशासन के द्वारा इंसाफ नही मिलता देख मजबूर होकर एक पीड़ित परिवार को सड़क पर उतरना पडा यह पुलिस के कार्यशैली पर सवाल खड़ा करने वाली बात है। वहीं दूसरी ओर बीते 27 जून को हम पीड़ित परिवार द्वारा बिना सड़क जाम किये प्रशासन द्वारा इंसाफ दिलाने का आश्वसन देकर घर भेज देना और पीछे से हमलोगो के ऊपर एफआ. ईआर कर देना यह प्रशासन को शोभा नही देता है। हम झारखंड सरकार और जिला प्रशासन से माँग करते है की पीड़ित पक्ष पर झूठा एफ आई आर किया हुआ निरस्त हो। एवं दोषी पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाय। वही मामले को लेकर आपको बता दे की कोडरमा के नीरू पहाड़ी में बीते 13 अप्रैल को माईका कारोबारी अर्जुन साव की संदिग्ध स्थिति में शव बरामद किया गया था और हत्या का आरोप डोमचांच थाना प्रभारी शशिकांत कुमार, एएसआई विकास कुमार पासवान, एसआई सतीश पांडेय समेत 5 पुलिसकर्मियों पर लगा था और घटना को लेकर इन पुलिसकर्मियों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद कोडरमा एसपी ने इन दोषी पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया था। घटना को लेकर कोडरमा पुलिस के द्वारा किसी तरह की कोई कार. 'वाई नहीं होने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अनुसंशा पर केस सीआईडी को सुपुर्द किया गया है। इधर मामले में किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होने व दोषी पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी को लेकर पीड़ित परिवार काफी परेशान है।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ कोडरमा जिला इकाई की बैठक सम्पन्न

### प्रतिभा सम्मान समारोह कराने पर हुई चर्चा

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**



अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला कमिटी कोड. रमा की बैठक साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया मे कमिटी के जिला अध्यक्ष खगेन्द्र राम की अध्यक्षता में की गई। बैठक के पूर्व मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत ग्राम धोबियाडीह में वज्रपात से अमन कुमार रजक पिता श्री बंशी धोबी एवं कृष्णा कुमार रजक पिता शिवकुमार रजक के निधन पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला इकाई कोडरमा ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा को शांति के लिये प्रार्थना किया। इधर दोनों बच्चों के निधन से समाज में शोक की लहर है। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट खगेन्द्र राम ने पेश किया। जो सर्वसम्मति से पास किया गया। बैठक में जैक का रिजल्ट आने के बाद जैक एवं C B- S- E में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। जिसको लेकर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतिभा सम्मान समारोह अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला इकाई कोडरमा के द्वारा करने का फैसला लिया गया। साथ ही साथ संगठन को गांव स्तर पर मजबूत करने का निर्णय लिया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अगली बैठक 9 जुलाई को चंदवारा प्रखंड के ग्राम गैडा मे होगी। बैठक में अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बासुदेव धोबी, पूर्व जिला अध्यक्ष एम चंद्रा, जयनगर प्रखंड अध्यक्ष जनक देव राम, डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष अमर रजक, कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश रजक, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष विनोद राम, जिला कोषाध्यक्ष विजय रजक, मरकच्चो प्रखंड सचिव प्रदीप राम, सुशील कुमार, मनोज रजक,पूर्व मुखिया धीरज कुमार, पवन रजक, रामेश्वर रजक, दुर्गा प्रसाद राम, राजू रजक, कोडरमा प्रखंड सचिव सिकंदर राम, पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार, रामचंद्र धोबी आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन रामेश्वर रजक ने किया।

## हमारे जीवन का अभिन्न और अहम हिस्सा है डिजिटल बैकिंग सुजीत नायक

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**




कोडरमा जिला के चंदवारा प्रखंड मे भारतीय रिजर्व बैंक और बैंक आफ इंडिया के सौजन्य से स्वधार फिन एक्सेस के माध्यम से भोंडो पंचायत के रघवाटांड मे प्रशिक्षण किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे (RBI--swadhaar) Chif program officer सुश्री वैशाली खोखर मैडम, Rignol area maneger श्री रविरंजन सर जो मुख्य रूप से मुम्बई ,और रांची से चलकर आये थे !जहां उनका स्वागत सी.एफ.एल. इंचार्ज श्री सुजीत नायक एवं नकुल कुमार के द्वारा किया गया! कार्यक्रम की शुरुआत भोंडो पंचायत के समाजसेवी सह प्रतिनिधि श्री वीरेंद्र साव श्री रामदेव पंडित उर्फ़ दिलिप पंडित , कोलेश्वर साव, वार्ड सदस्य संगीता देवी, पूजा देवी ने उत्साह के साथ ताली बजाकर सबका स्वागत किया गया !प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत मे प्रशिक्षक सुजीत नायक ने सरकार के मूल उद्देश्य भारतीय रिजर्व बैंक,और जिला के अग्रणी बैंक बैंक आफ इंडिया के सौजन्य से कार्यक्रम की रुप रेखा के बारे बताया ! प्रशिक्षण देते हुए नकुल कुमार ने मे आर्थिक शिक्षा का प्रशिक्षण दिया साथ ।आज शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों मे डिजिटल पेंमेंट ,आनलाइन का लाभ ले रहे है और गलती भी कर रहे है ।जिससे आहे बगाहे साइबर क्राइम के द्वारा ठगे जा रहे है ।इसी चीजों को लेकर आर.बी।आई के तत्वावधान स्वाधार फिन एक्सेस के माध्यम से बैंक से जुडी गतिविधियों के बारे जागरूक फैलाना हमारा परम् लक्ष्य है ।इस कार्यक्रम मे मुख्य रुप से , बैंक के फायदे, बैकिंग लेनदेन, जीवनचक्र की जरूरत, पांच रुपया का जादू, ज डिजिटल लेनदेन,को बढ़ावा देने के साथ साथ इसकी सुरक्षा के बारे मे जानकारी दिया गया । ग्यात हो स्वधार फिन एक्सेस झारखंड के 40 वित्तीय साक्षरता केंद्र के माध्यम से बैंकों और सरकार द्वारा उपलब्ध सेवाओं को गाँव के घर घर तक पहचाने का कार्य किया जा रहा है कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप में वैशाली खोखर जी ने कहा कि आज डिजिटल के दौर मे समय हमसबों का बच रहा है ।आज हमसबों के जीवन का अहम हिस्सा है ।लेकिन सतर्क रहना भी जरुरी है। आप सबों को सरकार व बैंक के द्वारा चलने वाली सभी योजनाओं की जानकारी एक छत के नीचे आज मिल रहा है जिसका लाभ आप अपने जीवन मे ज्यादा से ज्यादा लेकर अपने परिवार को आर्थिक रुप से सबल बन सकते हैं रिजिनल मैनेजर श्री रवी रंजन सर ने बताया की बैंकिंग क्षेत्र मे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना लड़कियों की शादी हेतु सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोग ले उन्होंने कहा आज हम युवा है कल वृद्ध हो जायेंगे जहाँ छोटी छोटी चीजो के लिए दूसरों पर निर्भर ना हो इसके लिए अटल पेंशन योजना करवा कर 1000,2000, से 5000/–तक पेंशन ले सकते हैं 'भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा इस तरह का जागरूकता कार्यक्रम सराहनीय है जितनी भी प्रशंसा की जाय कम है। कार्यक्रम मे नकुल कुमार, लालदेव साव कुमारी, डेगलाल कुमार, वासुदेव साव,सुखदेव कुमार, भुवनेश्वर साव,जमुनिया देवी, गायत्री देवी, लीलावती देवी पूनम देवी, मज़ु देवी सुरेश कुमार खुबलाल साव, उर्मिला देवी, मेघनी देवी, रधिया देवी स लालमुनी देवी बसंत सिंह, अर्जुन साव, अर्जुन सिंह सुखदेव साव, बोलबम साव , जमुनी देवी रितेश पंडित, बैजू पंडित, किशोर सिंह जैसे सैकड़ो लोग उपस्थित थे।









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गुरु चट्टी कुशवाहा समाज का पुनर्गठन झम्मन प्रसाद अध्यक्ष चुने गए

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : गुरु चट्टी कुशवाहा धर्मशाला प्रांगण में कुशवाहा गुरु चट्टी समाज का पुनर्गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बालेश्वर महतो ने किया। चुनाव में सर्वसम्मति से संजोजक सुरेंद्र कुमार , अध्यक्ष झम्मन प्रसाद , उपाध्यक्ष नरसिंह प्रसाद, सचिव प्रकाश कुमार, उप सचिव अवध किशोर कुमार, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार, संरक्षक बालेश्वर महतो ,उप संरक्षक जयनारायण प्रसाद ,मीडिया प्रभारी उदय कुमार मेहता, इनके अलावा मोहल्ला प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया। जिसमें जीडीएम चौक टोला से कंचन कुमार ,विनोद कुमार, धर्मशाला टोला से बालेश्वर कुमार महतो ,अरुण महतो ,नोवाटाण्ड़ टोला से मुकेश कुमार ,गणेश कुमार, शांति टोला से चेत लाल महतो, अनिल कुमार, गुरगुटिया टोला से दिलीप कुमार एवं यमुना कुमार को प्रतिनिधि के रूप में चुना गया। वही सलाहकार समिति में जय शंकर मेहता ,दामोदर प्रसाद मेहता, संदीप कुमार कुशवाहा, अरविंद कुमार, संतोष कुमार ,द्वारिका महतो ,जय हिंद महतो, अवध कुमार, रामधनी महतो, उमेश कुमार एवं मनोज कुमार को रखा गया है।

## हाईटेंशन करंट की चपेट में आकर मवेशी की मौत

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


करंट से मृत मवेशी

विष्णुगढ़ प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत अंतर्गत लटुआटोंगरी में 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आकर एक मवेशी की मौत हो गई। मवेशी गांव के टहल भुईयां का है। बताया जाता है कि रविवार की सुबह 8 बजे जर्जर हाईटेंशन तार अचानक टूटकर जमीन पर गिर गया। आसपास के लोग बिजली कटवाने का प्रयास कर ही रहे थे कि इसी बीच सामने चर रहा मवेशी करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। किसान टहल भुइयां ने बताया कि खेती-बाड़ी के दिनों में मवेशी की मौत हो जाने पर काफी परेशानी उत्पन्न हो गई है। उन्होंने बिजली विभाग से घटना को लेकर मुआवजा की मांग की है।

## दी एम्बिशन कोचिंग सेंटर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


शामिल विद्याथ

प्रखंड के अखाड़ा चौक स्थित दी एम्बिशन कोचिंग सेंटर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें खुशबू कुमारी 418 अंक लाकर इस संस्थान और प्लस टू उच्च विद्यालय, विष्णुगढ़ की प्रथम ट०पर बनी। वही बुलबुल कुमारी 398 अंक लाकर दूसरे नंबर पर और ज्योति कुमारी 396 अंक लाकर संस्थान की तीसरी टॉपर बनी। इसके अलावा ट्विंकल कुमारी 378 अंक, अंजली वर्मा 375 अंक, सिमरन कुमारी 369 अंक, अंजली कुमारी 368 अंक, कृति कुमारी 363 अंक, नीतीश कुमार 362 अंक, सरिता कुमारी 362 अंक, अंजली कुमारी 362 अंक, आलोक कुमार 356 अंक, रिया कुमारी 356 अंक, कंचन कुमारी 354 अंक, तन्नू कुमारी 352 अंक, सोनू कुमार 351 अंक, नीतू कुमारी 349अंक, मुन्नू कुमारी 349 अंक, आर्य कुमारी 349 अंक, फिजा परवीन, निखत परवीन, सुमन कुमारी, गौरव सागर, सुमित कुमार, शिवम कुमार, रिचा कुमारी, पूजा कुमारी, मुस्कान कुमारी, नीतीश कुमार, विकास कुमार, श्रेया पाठक आदि सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से सफल हुए। इन सभी सफल विद्यार्थियों को मेडल और पेन देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का शुरुआत करते हुए प्रखंड के चेडरा पंचायत के मुखिया निर्मल कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे प्रखंड में संसाधनों की कमी रहते हुए भी प्रखंड के विद्यार्थी बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मैं चाहूंगा कि आगे भी सभी विद्यार्थी बहुत अच्छा से पढ़ाई करें और झारखंड ट०प टेन में अपना स्थान बनाकर अपने प्रखंड का नाम देशस्तर पर रोशन करें। इसके साथ उन्होंने यह भी कहा की विष्णुगढ़ प्रखंड में बहुत जल्द ही एक पुस्तकालय का निर्माण करवाया जाएगा। जिससे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे सभी विद्यार्थी इसका लाभ ले सकेंगे। इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि रुद्र कुमार पांडे ने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहां की आप सभी विद्यार्थी स्नातक करने के लिए अपनी रुचि के अनुसार विषयों का चयन करें और उसे पूरी मेहनत करके मन से पढ़ाई करें। अगर आप सभी विद्यार्थी अच्छे मन से पढ़ाई करते हैं तो भविष्य में आपको हमेशा अवसर मिलता रहेगा और आप हर एक क्षेत्र में कामयाब हो सकते हैं। इस कार्यक्रम का समापन करते हुए संस्थान के संचालक विवेक कुमार ने कहा कि आप सभी विद्यार्थी इन्तजार मत कीजिये, ”सही समय“ कभी नहीं आता। जहां खड़े हैं, वहीं से शुरुआत कर दीजिये और जो भी संसाधन आपके पास हैं, उनका प्रयोग कीजिये और जैसे-जैसे आप आगे बढ़ेंगे, आपको और अधिक अच्छे संसाधन मिलते जायेंगे और आप अपने जीवन में बहुत आगे बढ़ेंगे। इस कार्यक्रम में शिव कुमार प्रजापति, सुशांत कुमार पाठक, सुनील कुमार यादव, कविता कुमारी, कोमल कुमारी, प्रिया कुमारी, रिशु कुमार, सूरज कुमार समेत अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

## गुरु आई ए एस ने कार्यक्रम आयोजित कर 7 वीं से 10 वीं जे पी एस सी के सफल प्रतिभागियों को किया सम्मानित

### लगातार मेहनत करने वालो को कदम चूमती है सफलता : राजेश गुरु

### झारखण्ड में सिविल सर्विसेज के बेहतर संस्थान है गुरु आई ए एस एकेडमी : वेदवंती कुमारी









**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

हजारीबाग : रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर गुरु आई ए एस अकैडमी तकिया मजार रोड हजारीबाग से सातवीं से 10वीं जेपीएससी में सफल प्रतिभागियों को सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया ।यह कार्यक्रम हजारीबाग शहर के नगर भवन में आयोजित की गई। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि संस्थान के वरीय निदेशक सुरेंद्र गुरु एवं कटकमसांडी के प्रखंड विकास पदाधिकारी वेदवंती कुमारी,गुरु आई ए एस के निदेशक राजेश गुरु एवं मरकच्चो बी डी ओ पप्पू रजक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किय ।गुरु आई ए एस से 7वीं से दशवीं जे पी एस सी में सफल कुल 17 प्रतिभागियों को संस्थान के निदेशक ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मा. नित किया ।वहीं अतिथियों को पौधे एवं बुक्के देकर सम्मानित किया गया ।मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए गुरु आई ए एस के निदेशक रा. जेश गुरु ने कहे कि जो लगातार मेहनत करता है सडलता उसकी कदम चूमती है ।और मेरे संस्थान में सिविल सेवा की तैयारी करने वाले सभी छात्र छात्राएँ कड़ी मेहनत के बल पर लगातार सिविल सेवा में परचम लहरा रहे हैं।. उन्होंने कहा कि यह गुरु आई ए एस एकेडमी वर्ष 2008 से शुरू हुआ और कम दिनों में ही इस संस्थान के कई छात्र छात्राओं ने कई प्रतियोगी परीक्षाओं में परचम लहराया है ।वही कटकमसांडी बी डी ओ वे. दवंती कुमारी ने कही की गुरु आई ए एस का नाम केवल हजारीबाग में ही नहीं बल्कि झारखण्ड के कोने कोने में इस संस्था का नाम है ।यह संस्थान सिविल सर्विसेज का बेहतर सनाथानो में से एक है ।कार्यक्रम में कई नन्हे कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर सम्मा को बांधे रखें ।वही पास किए गए छात्र छात्राओं ने अपनी सफलता का राज भी सबो के सामने प्रस्तुत किए ।मौके पर सैकड़ो लोग उपस्थित थे।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार